**आकाशवाणी**

**देहरादून उत्तराखण्ड)**

**भानिवार 24.05.2025** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में कहा– वैश्विक मानकों के अनुरूप राज्य कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की।
- हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिये सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था पंज प्यारों की अगुवाई में गोविन्दघाट गुरुद्वारा परिसर से रवाना हुआ। कल खोले जाएंगे हेमकुंड साहिब के कपाट।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

**नीति आयोग बैठक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें और एक राज्य, एक वैश्विक गंतव्य के अंतर्गत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस फैसले से पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। श्री मोदी ने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, हर भारतीय का लक्ष्य है, जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। हमें अपने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत– 2047 के लिए विकसित राज्यों के दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सी.ई.ओ. भी मौजूद थे।

**कैबिनेट मंत्री बैठक**

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पौड़ी के लिए एक नई पेयजल योजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में चिकित्सक तैनात कर दिये गए हैं और उनके लिए आवासीय भवन शीघ्र तैयार किये जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राहु मंदिर और बूंखाल मंदिर सहित क्षेत्र के कुछ अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों का एक धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाकर पूरे क्षेत्र को विकसित किया जाएगा।

**नंदा–सुनंदा योजना**

प्रदेश सरकार की नंदा सुनंदा योजना निर्धन, अनाथ और असहाय छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत निर्धन लड़कियों को उच्च शिक्षा और कौशल विकास शिक्षा निःशुल्क दी जा रही है। देहरादून में भी ऐसी कई लड़कियां इस योजना का लाभ ले रही हैं। देहरादून में जिलाधिकारी सविन बंसल ने इस योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत चयनित छात्राओं को शिक्षण संस्थान के खाते में धनराशि डाली जा रही है। वहीं, आज जिलाधिकारी सविन बंसल ने नंदा सुनंदा योजना के तहत चेक वितरण किये। इसके तहत पांच बच्चों को जिलाधिकारी ने 87 हजार 975 के चेक वितरण किए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जिले में ऐसी बलिकाएं शिक्षा से वंचित न हों।

## हेमकुण्ड साहिब यात्रा

चमोली जिले में हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिये सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज पंज प्यारों की अगुवाई में पवित्र निशान साहिब के साथ गोविन्दघाट गुरुद्वारा परिसर से रवाना हुआ। इस जत्थे में लगभग चार हजार श्रद्धालु शामिल हैं, जो आज देर शाम घांघरिया पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम के बाद कल सुबह यह जत्था घांघरिया से रवाना होगा और हेमकुंड साहिब पहुंचेगा। इसके बाद इस वर्ष की पहली अरदास होगी और हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। वहीं, जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सहयोग से यात्रा का आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए गए हैं।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

## सड़क सुरक्षा जागरुकता

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की ओर से सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा अभियान के तहत आज जन–जागरुकता बाइक रैली निकाली गई। प्राधिकरण के अधिकार मित्रों ने आमजन को बैनर और पोस्टरों के माध्यम से जागरूक किया। अधिकार मित्रों ने सड़क सुरक्षा नियमावली भी वाहन चालकों और नागरिकों को वितरित की। बाइक रैली निजी मॉल रोड से लिंक रोड, करबला आदि विभिन्न निर्धारित मार्गो से होते हुए वापस निजी मॉल में सम्पन्न हुई। पुलिस उपाधीक्षक गोपाल दत्त जोशी और आरटीओ अनीता चंद ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, परिवहन और पुलिस विभाग के सौजन्य से बाइक रैली निकाली गई। इसका उद्देश्य सभी नागरिकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

कृषि मंत्री गणेश जोशी से देहरादून में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली विश्वविद्यालय, भरसार के कुलपति प्रोफेसर परविंदर कौशल ने मुलाकात की। इस अवसर पर आगामी 29 मई से 12 जून तक आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रोफेसर कौशल ने कृषि मंत्री को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा इस अभियान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम टिहरी और पौड़ी जिले में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों की तीन टीमें गठित की गई हैं। साथ ही जिला स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। वैज्ञानिक गांव–गांव जाकर किसानों को टिकाऊ खेती, खरीफ फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग समेत कई आधुनिक तकनीकों की जानकारी देंगे। इस अभियान में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं भी सक्रिय भागीदारी करेंगे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने भरसार विश्वविद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

## जगदीशिला डोली यात्रा

बाबा विश्वनाथ जगदीशिला डोली रथ यात्रा का चम्पावत पहुंचे पर भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न देवालयों में लोगों ने पुष्प, अक्षत आदि से डोली का पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कर्णकरायत में युवा मैराथन का आयोजन किया गया। डोली यात्रा के मुख्य संयोजक, मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया डोली यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व कल्याण के साथ ही देवसंस्कृति का प्रचार–प्रसार सहित प्रदेश के चारों धाम और एक हजार अन्य शक्ति पीठों को धाम का सम्मान देना है।